मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंकः 61, मुंबई, गुरुवार, 25 अप्रैल, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर







# मलाड इलाके में हादसा

## 40 फीट गहरे सेप्टिक टैंक में गिरने से दो मजदूरों की मौत



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई में बड़ी घटना सामने आई है। जहां, 40 फीट गहराई वाले सेप्टिक टैंक में गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई है जबकि एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। बीएमसी की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, यह हादसा उस समय हुआ जब मजदूर सीवर की सफाई कर रहे थे। एक कंस्ट्रक्शन साइट पर सीवर साफ करते वक्त तीन मजदूर करीब 40 फीट गहराई वाले एक टैंक में गिर गए। बीएमसी की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, घटना मुंबई मलाड वेस्ट दिंडोशी इलाके की है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### *पहले भी घट चुकी है इस तरह की घटना*

*बता दें कि देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पहले भी इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसके बाद भी इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कोई उचित कदम नहीं उठाया जा रहा है। कई ऐसे इलाके हैं जहां मजदूर बिना किसी सुरक्षा उपकरण के सीवर की सफाई करते हैं। कई मजदूर तो ऐसे हैं जो बिना ऑक्सीजन टैंक के ही सीवर में हिलने के लिए मजबूर रहते हैं।*

### दम घुटने से हुई मौत

# शाहरुख, आमिर, रणवीर सिंह का चुनाव प्रचार का वीडियो वायरल

## डीपफेक को लेकर मुंबई पुलिस का बड़ा एक्शन



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार करते हुए फिल्म स्टार शाहरुख खान, आमिर खान और रणवीर सिंह का वीडियो वायरल हो रहा है। डीपफेक वीडियो को लेकर मुंबई पुलिस ने मतदाताओं को सतर्क किया है और इस बारे में कार्रवाई करने की बात कही है। पिछले एक सप्ताह में अभिनेता आमिर खान और रणवीर सिंह ने मुंबई पुलिस की साइबर सेल में एफआईआर दर्ज करवाई है। इन एफआईआर में कहा गया है कि सोशल मीडिया में उनका डीपफेक वीडियो वायरल हो रहा है, जिससे उनकी छवि खराब हो रही है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### चुनाव और डीपफेक वीडियो का क्या है कनेक्शन?

इस पर क्राइम ब्रांच का कहना है कि इस मामले में जिस भी पार्टी से जुड़े हुए वीडियो है। अगर जरूरत पड़ी तो उस पार्टी के सोशल मीडिया इंचार्ज या दूसरे ऑफिस बीयरर्स को पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है तो क्या सच में क्राइम ब्रांच के निशाने पर कांग्रेस पार्टी है?

# पीएम मोदी देश की जनता से बोल रहे सफेद झूठ : राउत

## विकास के नाम पर जनता को किया गुमराह : शिवसेना

### प्रदेश की सरकार से जनता का मोहभंग, बेरोजगारी की खास समस्या



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**जलगांव।** शिवसेना के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने कहा कि पीएम मोदी जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे है। राउत ने कहा कि आने वाला समय महाविकास अघाड़ी का होगा। उन्होंने कहा कि अब बीजेपी की हवा खत्म हो चुकी है और महाविकास अघाड़ी की आंधी शुरू हो चुकी है। श्री राउत आज जलगांव लोकसभा क्षेत्र से एमवीए के जलगाँव उम्मीदवार करण पंवार व रावेर से श्रीराम पाटिल के नामांकन के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# दूसरे चरण में वोटरों को झुलसा देगी गर्मी




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को हो गया जिसमें वोटिंग प्रतिशत कम रहा था। इसका कुछ कारण गर्म मौसम भी रहा था। मतदाता गर्मी के चलते पोलिंग बूथ पर नहीं गए थे। शुक्रवार को दूसरे चरण में 13 राज्यों की 89 लोकसभा सीटों पर मतदान है। मौसम विभाग ने इस दिन कई राज्यों में दोपहर के समय हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। दूसरे चरण में 6 राज्यों की 58 लोकसभा सीटों पर वोटिंग के समय हीटवेव चलने के आसार है। इनमें उत्तर प्रदेश की 8, बिहार की 5, पश्चिम बंगाल की 3, महाराष्ट्र की 8, कर्नाटक की 14, केरल की सभी 20 लोकसभा सीट शामिल हैं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# भाषण देते मंच पर बेहोश हुए गडकरी

### केंद्रीय मंत्री ने हेल्थ पर दिया अपडेट




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र समेत देशभर में गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। एक तरफ जहां लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी माहौल गर्म है। दूसरी ओर, तेज गर्मी के कारण चुनाव प्रचार के दौरान उम्मीदवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तेज गर्मी के कारण बुधवार को बीजेपी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की यवतमाल के पुसद की सभा के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गयी। तेज गर्मी की वजह से उन्हें चक्कर आ गया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### भरोसा तो नहीं बंधता




**आम चुनाव से ठीक पहले जब सोशल मीडिया कंपनियों ने कहा कि वे फैक्ट चेक करने की व्यवस्था कर रही हैं, तो उस पर सहज यकीन नहीं हुआ। इसका कारण उनका पुराना रिकॉर्ड है। हालिया व्यवहार भी भरोसा बंधाने वाला नहीं है।**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने (जिसे पहले ट्विटर कहा जाता था) पिछले हफ्ते भारत में राजनीतिक भाषणों वालों कई ट्वीट ब्लॉक कर दिए। आम चुनाव के मद्देनजर सरकारी अधिकारियों ने एक्स को ये ट्वीट हटाने का आदेश दिया था। इस पर एक्स के मालिक इलॉन मस्क ने कहा कि वे इस आदेश से सहमत तो नहीं हैं, लेकिन चुनाव खत्म होने तक ये पोस्ट भारत के लोगों को नहीं दिखेंगे। जाहिर है, मस्क क्या सोचते हैं, उससे व्यवहार में कोई फर्क नहीं पड़ा। शिकायत यह है कि सरकार एकपक्षीय ढंग से 'आपत्तिजनक' सामग्रियों को परिभाषित करती है। इससे जहां उसके एजेंडे के पक्ष में डाली गई सामग्रियां (भले वे दूसरे लोगों को भड़काऊ लगें) सोशल मीडिया पर बनी रहती हैं, वहीं आलोचकों के पोस्ट वह हटवा देती है। इस सिलसिले में काबिल-ए-जिक्र है कि 2021 में समाचार एजेंसी एपी के हाथ कुछ दस्तावेज लगे थे। उनसे पता चला कि फेसबुक, वॉट्सऐप और इंस्टाग्राम भारत में नफरती भाषण, गलत सूचना और भड़काऊ पोस्ट पर अंकुश लगाने के मामले में अपनी सुविधा के अनुसार फैसले लेते हैं। वे ऐसे कदम नहीं उठाते, जो सरकार को नागवार गुजरे। एपी को हाथ लगे दस्तावेजों से जाहिर हुआ कि कई सोशल मीडिया एकाउंट गलत और नफरती कंटेंट फैला रहे थे और उनमें कइयों का सत्ता पक्ष से नाता था। इसी पुराने रिकॉर्ड के कारण इस बार के चुनाव से ठीक पहले जब सोशल मीडिया कंपनियों ने कहा कि वे फैक्ट चेक करने की व्यवस्था कर रही हैं, तो उस पर सहज यकीन नहीं हुआ। फेसबुक की संचालक कंपनी मेटा ने कहा था कि भारत के आम चुनाव को देखते हुए वह कमर कस रही है। उसने भारत में अपने थर्ड-पार्टी फैक्ट-चेकर नेटवर्क का विस्तार करने के लिए और निवेश किया है। फेसबुक ने बताया कि वह टेक एकॉर्ड के साथ मिलकर चुनाव में भ्रामक जानकारियां फैलने से रोकेगी। टेक अकॉर्ड टेक क्षेत्र की 20 दिग्गज कंपनियों की साझेदारी है, जिसमें उन्होंने 2024 में हो रहे सभी चुनावों में खतरनाक और नुकसानदेह कंटेंट से निपटने का इरादा जताया है। मगर एक्स के ताजा व्यवहार से इस इरादे पर सवाल गहरा गए हैं।

# प्रधान मंत्री के हर घर जल योजना में घोटाले को लेकर श्रमजीवी संघटना के विवेक पंडित का जबरदस्त पंचनामा

## एक हाथ में खाली हंडी और दूसरे में तीन फुट की छड़ी, विवेक पंडित का 'श्रमजीवी' का नया मंत्र, जल अधिकार के लिए श्रमजीवी संगठन का आंदोलन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पालघर।** 'हर घर जल' योजना के कार्यों में गड़बड़ी के कारण पानी से वंचित महिलाओं को पानी का अधिकार दिलाने के लिए श्रमजीव संगठन के अध्यक्ष विवेक पंडित ने पिछले तीन सप्ताह से जल आंदोलन किया है। इस आंदोलन के कारण ठाणे और पालघर जिलों में जल योजना पर काम कर रहे ठेकेदार काफी परेशान हो गए हैं। ठेकेदार के दलालों ने आपसे संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन पंडित ने कहा कि उसने इसे तोड़ दिया है। विक्रमगढ़ तालुका में राज्य स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक में पंडित ने कहा कि पानी के अधिकार के लिए श्रमिक किसी भी संघर्ष के लिए तैयार हैं। जिला प्रशासन नागरिकों को पानी का अधिकार दिलाने की अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहा है। इसके उलट पंडित ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर आप सामान्य महिला कार्यकताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने जा रहे हैं, तो पहले मेरे खिलाफ मामला दर्ज करें।

**तो पहला अपराधी मैं!**

ठेकेदारों द्वारा बजट के अनुरूप व समय पर काम नहीं करने से आम नागरिक पानी के अधिकार से वंचित हो रहे हैं। पंडित ने कहा, अगर इस अधिकार के बारे में आवाज उठाना, अधिकार मांगना अपराध है तो मैं यह अपराध करने वाला पहला व्यक्ति हूं।

**दो जिलों में हांडा मार्च**

ठाणे के पालघर जिले में हांडा मोर्चा के साथ-साथ तालुकाओं में पंडित की सार्वजनिक बैठकें जोर पकड़ रही हैं। इन बैठकों में पानी के पाइपों की गहराई नापने के लिए पंडित द्वारा दिया गया मंत्र, 'एक हाथ में खाली हंडी और दूसरे हाथ में तीन फुट की छड़ी' इस समय आंदोलन में सुर्खियां बटोर रहा है।




पंडित सभी महिलाओं से कहते हैं कि यह छड़ी पानी पर उनका अधिकार लेने का 'राजदंड' है। इस मौके पर पंडित ने कहा कि मैंने महिलाओं के हाथ में सत्ता का राजदंड दिया है।

**स्वालबोली योजना का पंचनामा**

स्वालपोली में जल जीवन मिशन योजना का पंचनामा श्रमजीव संगठन की महिलाओं द्वारा किया गया। महिलाओं ने तीन फीट की जगह ऊपर दबे पाइप को हटा दिया। पालघर जिले के कुछ दलाल नेता और अधिकारी मेरे पास ठेकेदारों की दलाली करने आये थे। मैंने उन्हें सचमुच भगा दिया, वे माफी मांग कर भाग गए, मैं आज उनके नाम की घोषणा नहीं कर रहा हूं; लेकिन नागरिकों के हक का पैसा चुराने वाले, योजनाओं को भ्रष्ट करने वाले और जनता को उनके बुनियादी अधिकारों से वंचित करने वाले ठेकेदारों और अधिकारियों का समर्थन करने के लिए अगर कोई दलाली करने की कोशिश करेगा तो पंडित ने चेतावनी दी कि उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**तो उन्हें लिटा दो!**

ठाणे, पालघर जिले की हर मां-बहन का जल संघर्ष अब रुकना चाहिए। प्रधानमंत्री द्वारा दी गई हर घर जल जीवन योजना को अब पानी की कमी का काला दाग मिटा देना चाहिए, पंडित ने चेतावनी दी है कि अगर कोई स्वार्थ के लिए इसमें बाधा डालेगा तो मेहनतकश लोग उसे बिना रोके नहीं रहेंगे। देशभर के नागरिकों को भरपूर पेयजल उपलब्ध कराने का प्रधानमंत्री का महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन विवादों में घिर गया है। योजना की टेंडर प्रक्रिया, बजट के अनुरूप काम नहीं होना, पाइप खरीद में धांधली आदि की पोल अब सप्लाई के साथ श्रमिक संघ ने उजागर कर दी है और फर्जी बिल प्राप्त करने वाले ठेकेदार व भुगतान करने वाले अधिकारी काफी परेशान हैं।

**कार्यों का बिल आंशिक रूप से दिया गया था**

सरकार के जल एवं जीवन मिशन के तहत हर गांव में हर घर जल देने का कार्यक्रम चल रहा है। सरकार के निर्णय के अनुसार, योजना है कि तालुका के प्रत्येक गाँव में रहने वाले सभी परिवारों को उनके घरों, बंगलों, झोपड़ियों, झोपड़ियों में नल से पानी की आपूर्ति की जाए। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार ने करोड़ों रुपये आवंटित किये हैं और इसे 15वें वित्त आयोग और 'पेसा' से जलापूर्ति पर खर्च किया जायेगा। हालाँकि इस योजना के लिए धन की कोई कमी नहीं है, लेकिन योजना पूरा होने की समय सीमा समाप्त होने के बावजूद, कई गाँवों में, गाँव के सभी घरों और झोपड़ियों में नल का पानी नहीं पहुँचाया गया है। एक बार यह योजना किसी गांव में लागू हो गई तो अगले 30 साल तक सरकार उस गांव में पानी पर और पैसा खर्च नहीं कर सकेगी। इस जल जीवन मिशन योजना के पहले, दूसरे और तीसरे चरण के काम अभी भी अधूरे हैं। इसीलिए गांव में सभी के घर तक नल नहीं पहुंच पाया है। संगठन ने इन कार्यों में भ्रष्टाचार और काम की खराब गुणवत्ता देखी है।

**ठाणे, पालघर में 38 मार्च**

श्रमजीव संगठन ने ठाणे जिले के 21 ग्राम पंचायत और पालघर जिले के 18 ग्राम पंचायत में हड़ताल मार्च आयोजित करके भ्रष्ट अधिकारियों और ठेकेदारों को एक अच्छा झटका देने का काम किया है। खाली बोतलों के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय पर मार्च में शामिल महिलाओं ने अधिकारियों से जवाब मांगा और लिखित नोट लिया कि हमारे घरों और झोपड़ियों में स्वच्छ और प्रचुर मात्रा में नल का पानी कब आएगा।

**189 योजनाएं स्वीकृत; कोई भी पूर्ण नहीं है**

शाहपुर तालुक में जल जीवन मिशन की 189 योजनाएं स्वीकृत हैं। इनमें से 103 योजनाएं भावली पानी योजना से संबद्ध हैं। आज तक किसी भी योजना से नल तक जल पहुंचाने का काम पूरा नहीं हो सका है। अधिकारियों का कहना है कि ठेकेदार तालुका की 189 योजनाओं में से 88 में काम नहीं कर रहा है। इनमें से 12 ठेकेदार काम में रुचि नहीं दिखा रहे हैं, जबकि चार योजनाएं मंजूरी के लिए वन्य जीव विभाग के पास लंबित बताई जा रही हैं। इन ठेकेदारों को काली सूची में डाला जाना चाहिए, लेकिन इस बार पंडित ने मांग की कि ऐसी कार्रवाई की जाए कि आगे से उन्हें कोई सरकारी ठेका न मिले।

# अली अशरफ फातमीजी ने चुनावी अभियान चलाकर जनता से मांगी वोट

**मुंबई हलचल/ मो सालिम आजाद**

**मधुबनी।** इंडिया अलायंस के प्रत्याशी श्री अली अशरफ फातमी साहब इस सिलसिले में मधुबनी लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का दौरा कर रहे हैं और बेनी पट्टी ब्लॉग स्थित कई गांवों में घर-घर जा रहे हैं, वहीं जीवका दीदी और संबंधित संगठन के सीएम और अन्य गांवों की महिलाओं को जानकारी दे रहे हैं जनसमस्याओं के बारे में बताया और समूह की महिलाओं से कहा कि आप किसी के बहकावे में न आएं और किसी भी तरह के लालच में न आएं,



जिस तरह अन्य पार्टियां दलितों और महादलितों, अल्पसंख्यकों और अन्य पिछड़ा वर्ग को अपने निशाने पर लेने की कोशिश कर रही हैं अधिकार आप सभी को इन्डिया गठबंधन का समर्थन करना चाहिए और हमें अपना बहुमूल्य वोट देना चाहिए अगर मुझे आपका समर्थन मिलता है और मैं मधुबनी लोकसभा क्षेत्र से लोकसभा चुनाव जीतता हूं तो मैं मधुबनी शहर और गांव को पुनर्जीवित करने और स्वास्थ्य से शिक्षा लेकर सभी सरकारी सुविधाएं लाने का प्रयास करूंगा। हर घर तक शिक्षा पहुंचाएंगे बैठक में एम एल ए पुर्व एम एल ए अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव और इन्डिया गठबंधन के कार्यकर्ता समेत काफी तादाद में लोग मौजूद थे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॅ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# बोईसर में धुले जिले की डाक्टर सोनाली पाटिल उनकी मां को बाहर का बताकर नफरत फैलाकर पड़ोसियो ने किया जानलेवा हमला

## बोईसर पुलिस ने संगीन धाराओ में किया मुकदमा दर्ज

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**बोईसर।** पालघर जिले के बोईसर शहर के खैरापाड़ा भक्ति पार्क सोसायटी मे पड़ोसियों द्वारा अपने ही पड़ोस में रहने वाले एक डॉक्टर सोनाली पाटिल को बाहर का बताकर मामूली विवाद के लेकर कल देर शाम लाठी डंडे बैट से जान लेवा हमला कर दिया हमले सोनाली पाटिल डॉक्टर बुरी तरह घायल हो गई। बेसुध्द अवस्था देख आरोपी पड़ोसी परेशान होकर फरार हो गए डाक्टर पाटिल की हालत बिगड़ने पर तुरन्त उसके परिजनों ने पास के शिंदे अस्पताल मे भर्ती किया है जहां पर पीड़ित महिला की देख रेख कर रहे अस्पताल के डॉक्टर स्वपनील शिंदे ने बताया पीड़ित महिला डाक्टर पाटिल की हालत नाजुक होने से कोमा में जानें से अभी तक होश नही आया जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वही घटना की



जानकारी बोइसर पुलिस के पुलिस निरीक्षक शिरीष पवार को मिलते ही तुरन्त घटना स्थल व अस्पताल में अपनी टीम रवाना कर जायजा लिया। मामले को गंभीरता में लेते हुए तुरंत तीन लोगो के खिलाफ तेजल प्रशांत पाटिल उम्र 39 वर्ष, प्रकाश गोविंद पाटिल उम्र 65 साल प्रतिभा प्रकाश पाटिल उम्र 59 साल के खिलाफ धारा 326,324,504,506,34 के मुकदमा दर्ज करपुलिस मामले में जुट गई है पीड़िता के भाई द्वारा दिए गए बयान से यह साबित होता है लोगो के दिलो जहर भरा हुवा है जो समाज में नफरत फैलाने का काम करते है दूसरे राज्यों की सीमा से आए पर प्रांतीय लोग हमेशा यहां के लोगो के निशाने पर रहते है। परंतु आज महाराष्ट्र राज्य धुले जिले के रहने वाले परिवार को पर प्रांतीय बताकर उनके उपर जानलेवा हमला किया जाता है जो पूर्ण रुप से शर्मसार कर देने वाली घटना है जिसकी निंदा की जाये उतनी है अब पुलिस को इस सम्पूर्ण मामले में निष्पक्ष जांच कर समाज में नफरत फैलाने वाले लोगो इस कदर शिकंजा कसकर सबक सिखाए ताकि आने वाला इतिहास उनको भुला न पाए।

# मनसे वोटों के दम पर पालघर से जीतेंगे महायुति उम्मीदवार : अविनाश जाधव

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पालघर।** पालघर में महायुति का उम्मीदवार तय नहीं होने के कारण एमएनएस अभी तक पालघर में लोकसभा चुनाव प्रचार में नहीं कूदी है। मनसे के पालघर लोकसभा प्रभारी अविनाश जाधव ने पालघर में एक संवाददाता सम्मेलन में विश्वास व्यक्त किया कि मनसे पूरे दमखम के साथ महायुति उम्मीदवार के लिए प्रचार करेगी और महायुति उम्मीदवार डेढ़ लाख वोटों की मदद से निर्वाचित होंगे। मनसे जिला. पिछले कुछ वर्षों में, पालघर जिले में मनसे की ताकत बढ़ी है और वसई विरार नगर निगम के कुछ हिस्सों के साथ-साथ जिले की कुछ महत्वपूर्ण ग्राम पंचायतों में 150 से अधिक ग्राम पंचायत सदस्य चुने गए हैं। इस चुनाव में नरेंद्र मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री चुना



जाए, इसी सोच के साथ मनसे ने महागठबंधन को समर्थन देने की घोषणा की है और उम्मीद जताई है कि अपनी ताकत के दम पर महागठबंधन का उम्मीदवार चुना जाएगा. मनसे द्वारा महागठबंधन को दिया गया समर्थन लोकसभा चुनाव तक ही सीमित है और चुनाव अवधि के बाद मनसे विभिन्न मुद्दों पर आंदोलन शुरू करेगी और नागरिक मुद्दों पर फिर से सक्रिय होगी। यह कहते हुए कि मनसे कई परियोजना स्थलों पर विरोध प्रदर्शन करने में अग्रणी थी, सत्तारूढ़ नेताओं ने आरोप लगाया कि उन्होंने संबंधित परियोजनाओं के साथ मिलीभगत की और ऐसी परियोजनाओं में अनुबंध लिया। अविनाश जाधव ने पालघर जिले में चल रही विभिन्न परियोजनाओं में सत्ताधारी नेताओं पर ठेकेदार होने का आरोप लगाते हुए पत्रकारों से उन्हें ढूंढने की अपील की।

**बंदरगाह के प्रति सतर्क रुख**

अविनाश जाधव ने बताया कि मनसे ने अभी तक बंदरगाह के निर्माण का समर्थन नहीं किया है, लेकिन मनसे स्थानीय लोगों के साथ रहकर विकास हासिल करने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि वह बंदरगाह के निर्माण का तभी समर्थन करेंगे जब स्थानीय लोग चाहेंगे। मुरबे में प्रस्तावित बंदरगाह का निर्माण पहले नंदगांव में किया जाना प्रस्तावित था। यह स्पष्ट किया गया कि मनसे के नेतृत्व वाली ग्राम पंचायत नंदगांव में इस बंदरगाह के निर्माण के पक्ष में है और चुनाव अवधि के बाद, संबंधित कंपनी को मनसे प्रमुख के माध्यम से आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि ये परियोजनाएं आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी, उन्होंने सवाल उठाया कि अगर गांव में भूमि अधिग्रहण के बिना रोजगार का अवसर है तो उन्हें इसे छोड़कर बाहर क्यों जाना चाहिए।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

**मलाड इलाके में हादसा**

यह हादसा एक निर्माणाधीन इमारत के पास हुआ था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की और बीएमसी के अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए थे। यह घटना दोपहर करीब 4 बजे के आसपास की बताई गई है। घटना में जान गंवाने की पहचान राजू और के रूप में हुई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों मजदूरों की दम घुटने से मौत हुई है। जावेद और राजू के परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिवारवालों ने बीएमसी से दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। मृतक जावेद को दो छोटी बच्चियां हैं, लेकिन बचपन में ही उनके सिर से पिता का साया उठ गया है। सीवर के भीतर हिलते ही मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आ जाते हैं और दम घुटने की वजह से कुछ ही मिनट में उनकी मौत भी हो जाती है। कई बार तो कुछ मजदूरों को बेहोशी हालत में भी बाहर निकाला गया। हालांकि, शुक्र है कि उनकी जान नहीं गई।

**पीएम मोदी देश की जनता से बोल रहे सफेद झूँठ : राउत**

संजय राउत ने कहा कि प्रदेश की सरकार से जनता का मोह भंग हो चुका है। आए दिन भ्रष्टाचार, चोरी-डकैती बेलगाम कानून व्यवस्था जैसे संगीन मामलों में महाराष्ट्र नंबर वन बन गया है। अब की बार जनता पूरी तरह भाजपा को नकार देगी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुका है। इस तपती गर्मी में प्रदेश की जनता को न बिजली मिल पा रही है और न समय से पानी मिल रहा है। पूरे प्रदेश में जनता का हाहाकार मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि बीजेपी पूरे देश मे सिर्फ लूट खसोट व स्वार्थ सिद्ध करने में लगी है। महाराष्ट्र में बेरोजगारी में अब नंबर 1 बन चुका है। पढ़े -लिखे युवा रोजगार की तलाश में अन्य प्रदेशों के रुख कर चुके है। राज्य की जनता से इनका कोई लेना देना नही है। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रो बांड पर भाजपा ने देश की जनता को धोखा दिया है। संजय राउत ने कहा कि भाजपा शासित प्रदेशों में गरीब,दलित,मजदूर व आदिवासी बिल्कुल भी सुरक्षित नही है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि देश के लिए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों व किसानों की दुर्गति आज देश भूला नही है। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन के उद्घाटन के समय देश की राष्ट्रपति को न बुलाना बीजेपी की ओछी मानसिकता की और सीधा-सीधा इशारा है। संजय राउत ने कहा कि आने वाला समय एमवीए का होगा। आगामी लोस चुनावों में जनता बीजेपी से अपना हिसाब जरूर चुकता करेगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में जलगाँव से बीजेपी सांसद उन्मेश पाटिल व लक्ष्मण पाटिल के शिवसेना (यूबीटी) में शामिल होने से पार्टी को यहां से काफी मजबूती मिली है।

**दूसरे चरण में वोटरों को झुलसा देगी गर्मी**

इनके अलावा मध्य प्रदेश की 7, राजस्थान की 13, छत्तीसगढ़ की 3 और असम की 5 सीटों पर तामपान गर्म रहेगा। देश के कई राज्यों में इनदिनों गर्मी का असर देखा जा रहा है। कई स्थानों पर मौसम बिगड़ा हुआ है। कहीं आंधी-बारिश तो कहीं लोगों को लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ रहा है। बिगड़ते मौसम के का असर लोकसभा चुनाव में भी साफ देखा जा रहा है। मतदान की प्रक्रिया है या चुनावी सभा सभी में लोग गर्मी से बचते नजर आ रहे हैं।

**भाषण देते मंच पर बेहोश हुए नितिन गडकरी**

हालांकि कुछ देर के बाद उनकी स्थिति में सुधार हुई और उन्होंने फिर भाषण दिया। बाद में उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट कर अपने स्वास्थ्य को लेकर जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि पुसद, महाराष्ट्र में रैली के दौरान गर्मी की वजह से असहज महसूस किया, लेकिन अब पूरी तरह से स्वस्थ हूं और अगली सभा में सम्मिलित होने के लिए वरूड के लिए निकल रहा हूं। आपके स्नेह और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। बता दें कि कुछ दिन पहले ठाकरे गुट के विधायक कैलास पाटिल को भी गर्मी के कारण भाषण देते समय चक्कर आ गया था।

**शाहरुख, आमिर, रणवीर सिंह का चुनाव प्रचार का वीडियो वायरल**

लेकिन दिलचस्प यह है कि सिर्फ आमिर और रणवीर सिंह इस लिस्ट में शामिल नहीं है, बल्कि कई और बॉलीवुड के सेलिब्रिटी इसका शिकार हुए हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने ऐसे 5 डीपफेक वीडियो के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, हालांकि बाकी के तीन सेलिब्रिटी कौन हैं, उसका खुलासा क्राइम ब्रांच ने नहीं किया है। चौकाने वाली बात ये है कि क्राइम ब्रांच को सोशल मीडिया के जरिए बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान का भी डीपफेक वीडियो मिला है, लेकिन किंग खान की तरफ से अभी तक इसको लेकर मुंबई पुलिस में कोई अधिकारिक शिकायत नहीं की गई है।



# दैनिक रायगड स्वाभिमान समाचार के संपादक से कुर्ला कार्यालय में हुई भेंट

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** 22 अप्रैल 2024 सोमवार को हमारे कुर्ला कार्यालय सी.एस. टी रोड किस्मत नगर कुर्ला (पश्चिम) मुंबई 70 कार्यालय में उपस्थित हुए दैनिक रायगड स्वाभिमान समाचार के संस्थापक तथा मुख्य संपादक श्री. रघुनाथ गणपत कडू तथा रायगड स्वाभिमान समाचार के उपसंपादक महाराष्ट्र राज्य रोहन रघुनाथ कडू कुर्ला की बहुत सी समस्याएं पर बात चित हुई और कुर्ला के बहुत से अवैध मुद्दा पर चर्चा हुई जैसे बी.एम. सी 'एल'वार्ड के अधिकारीयो की लापरवाही और कुर्ला वाहतुक विभाग के अधिकारीयो की लापरवाही पर चर्चा हुई और हम सभी ने मिलकर संपादक जी को शॉल देकर सम्मानित किया और धन्यवाद किया मो. शोएब खान, सुखबिंदर सिंह (लाला भाई), देवदास मुरंजन द्वारा सम्मनित किया गया।

## खबर संक्षेप

### ठिरशू मेले में मांगी फसल की मन्नत



**शिमला।** देवभूमि हिमाचल में जैसे ही बसंत आगमन होता है नए फसलों की बिजाई शुरू होती है, ऐसे में देवी देवताओं को खुश करने के लिए गांव-गांव में ठिरशू मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में स्थानीय लोक संस्कृति की खूब झलक देखने को मिली। पहले मेलों का आयोजन मिलने-जुलने के लिए होता था। बताया जा रहा है कि पौराणिक संस्कृति को दिखाने मेलों का बड़ा महत्व है।

### हाथरस के भाजपा सांसद राजवीर दिलेर का निधन



**हाथरस।** यूपी की हाथरस लोकसभा सीट से भाजपा सांसद राजवीर दिलेर का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। अलीगढ़ के एक अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली। वो लगातार पार्टी के लिए काम कर रहे थे। लोकसभा क्षेत्र में पार्टी के कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ ही वो अलीगढ़ में हुई पीएम मोदी की सभा में भी दिखे थे। सांसद की अचानक मौत से पार्टी के सभी नेता स्तब्ध हैं।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बुधवार को झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ाई थी। सीबीआई को निर्देश दिया कि सबूत दिखाने एक टेबल बनाएं।

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने आरक्षित कोटे में 'धर्म आधारित आरक्षण' दिया

# मुस्लिम समुदाय की सभी जातियों को ओबीसी बनाने पर बवाल... एनसीबीसी ने किया सवाल

## राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग की जांच में सीमा से अधिक मुस्लिम आरक्षण दिया

मुंबई हलचल / बेंगलुरु

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर आरोप है कि उसने मुस्लिम समाज को पिछड़ों के लिए आरक्षित कोटे में धर्म के आधार पर जगह दे दी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को छत्तीसगढ़ में एक चुनावी रैली में इस मुद्दे को भी उठाया। पीएम ने कहा कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने एक और पाप किया है। मुस्लिम समुदाय में जितनी भी जातियां हैं, सबको उन्होंने ओबीसी कोटे में डालकर ओबीसी बना दिया। जो हमारे ओबीसी समाज को लाभ मिलता था उसका बड़ा हिस्सा कट गया।

इस मुद्दे पर सियासी पारा बढ़ गया है। कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने हैं। राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग को कर्नाटक में ओबीसी आरक्षण कोटे में अनियमितता की जानकारी मिली थी। उसके बाद आयोग ने पिछले 6 महीने में इसकी जांच शुरू की। इस दौरान सरकारी नौकरी, मेडिकल, इंजीनियरिंग एडमिशन और तमाम सरकारी पदों पर सीमा से अधिक मुस्लिम आरक्षण दिए जाने की बात सामने आई।

**कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने**

पीएम ने भी रैली में इस पर चर्चा की और खरी खोटी सुनाई



### उन्हें भी लाभ दिया जो दायरे में नहीं आते

गत वर्ष राज्य के सरकारी पीजी मेडिकल के 930 सीटों में दिए गए आरक्षण की जब जांच की तो उसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। आयोग ने पाया कि 930 में से 150 सीट मुस्लिम वर्ग को आरक्षित किया गया है जो करीब कुल सीट का 16 प्रतिशत है। खास बात ये है कि इनमें मुस्लिम वर्ग के उन जातियों को भी लाभ दिया गया है जो आरक्षण के दायरे में नहीं आते। अब राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग इस मुद्दे को उठाकर राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया है।

**आयोग के अध्यक्ष हंसराज बोले**



**कोटा में की गड़बड़ी, आम ओबीसी का हक मारा**

ओबीसी कमीशन के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने कहा कि कर्नाटक में मेडिकल पीजी की 930 सीटों में से मुस्लिम वर्ग को 150 सीटों पर आरक्षण दे दिया गया है, जो करीब 16फीसदी है। इसमें लगता है कि ओबीसी वर्ग के आरक्षण कोटा में इस तरह से गड़बड़ी की गई है और आम ओबीसी का हक मारा गया है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कैटेगरी 1बी और बी2 में 34 मुस्लिम ओबीसी जातियां आती हैं।

### सभी को पिछड़े वर्ग में शामिल कर लिया

कर्नाटक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के आंकड़ों के अनुसार मुस्लिम धर्म के भीतर सभी जातियों और समुदायों को पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी आईआईबी के तहत सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

### सामाजिक न्याय का सिद्धांत नहीं माना

पिछड़ी जाति के रूप में मुसलमानों का व्यापक वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है। सामाजिक , शैक्षणिक रूप से पिछड़े के रूप में पहचानी जाने वाली हाशिए पर आ गईं।

खुली जीप में पीएम लहराते रहे कमल का फूल, दोनों तरफ रहे सीएम यादव, प्रत्याशी आलोक शर्मा व पार्टी प्रदेश अध्यक्ष शर्मा

# एक किमी तक बरसे फूल शंख-डमरू और ढोल बजे



**करीब 200 स्वागत मंच बनाए गए थे, करीब तीस मिनट में पूरा हुआ एक किलोमीटर का सफर**

**भोपाल।** पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को एयरटेल तिराहे से लेकर नानके पेट्रोल पंप तक एक किलोमीटर का रोड शो। इसमें पूरा भोपाल ही उमड़ आया। चारों तरफ भगवा लहरा रहे थे। इस रोड शो में 'एमपी के मन में मोदी, मोदी के मन में एमपी' का नजारा दिखा। सड़क के दोनों तरफ करीब 200 मंच लगे थे। इन पर समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि, साधु-संत, महिलाएं पारंपरिक परिधानों में उपस्थित थीं। सड़क के दोनों तरफ कहीं शंख की ध्वनियां गूंज रही थीं। तो कहीं, डमरू बज रहे थे। ढोल वाले अपनी पूरी गरिमा के साथ पीएम का अभिवादन कर रहे थे। साधु-संत मंत्रोच्चार कर रहे थे।

# हनुमान जन्मोत्सव के दिन इच्छापूर्ति मंदिर पहुंचा दरियादिल मुंबईकर समूह



★ हनुमान जन्मोत्सव के शुभ दिन पर एक बार फिर एकता का परिचय देते हुए दरियादिल मुंबईकर की सभी महिलाएं एक साथ मंदिर पहुंचकर न सिर्फ दर्शन लिए, अपितु समाज सेवा के कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाली महिलाओं ने पक्षियों के लिए परिंडे का वितरण भी किया। संस्थापिका अर्चना देशमुख जी में बतलाया कि ऐसे कार्य हम दिन प्रतिदिन करते रहते हैं।

# पिपल्स कॉर्डिनेशन कमिटी की तरफ से शानदार मनाया गया ईद मिलन कार्यक्रम




**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** मुंबई के भायखला वेस्ट खिलाफत हाउस में पिपल्स कॉर्डिनेशन कमिटी की तरफ से शानदार हुआ ईद मिलन कार्यक्रम। इस मौके पर मुख्य महेमानों में इकबाल मेमन ऑफीसर, सत्यनाम दास, सुभाष सुर्वे, शमा अय्येर, रवी भीलाने, पंजाबी बाबा, पारसी, अमुल बुध, मौलाना अम्मार, सुयार्जी सोनावने, संतोष आंबेकर, सलमान करदामे, अकबर कोंदकरी, आदील नगरमत, प्रोफेसर बलूशा माने, अनीता पतोले, डॉक्टर अब्दुल्लाह, ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के सेक्रेटरी अब्दुल अजीज भाई मच्छीवाला, जोइंट सेक्रेटरी युसुफ भाई मलकानी, मुसीर अंसारी, कांग्रेस स्पोक पर्शन निजामुद्दीन राईन, के साथ साथ कई नामी गिरामी सख्सियात मौजूद रहे। सभी ने हिंदू मुस्लिम एकता के साथ पूरजोश मनाया ईद मिलन कार्यक्रम। इस ईद मिलन कार्यक्रम में ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन, कुरेश कमिटी, बोम्बे केरला मुस्लिम जमात, भटकल मुंबई मुस्लिम जमात, दखनी मोमीन जमात, सुन्नी हनफी मोमीन मशायखी जमात, मुस्लिम कच्छी खत्री जमात, कोंकण कमिटी फॉरम वर्ल्ड कोंकणी डे, ऑल इंडिया मोमीन कॉन्फ्रेंस, मुस्लिम छीपा जमात मुंबई, काठियावाड़ी मंसुरी जमात, हालाई घांची मुस्लिम जमात, महाराष्ट्र सलमानिया सभा, सामील रहे और ईद मिलन कार्यक्रम को कामयाब बनाया गया।

जनहित याचिका पर सीजेआई हुए नाराज

# 5 की जगह 3 साल के एलएलबी कोर्स की तलाश पर उठाए सवाल

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने उस जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें केंद्र और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को 12वीं कक्षा के बाद मौजूदा 5 साल के एलएलबी पाठ्यक्रम की जगह 3 साल के पाठ्यक्रम संचालन की व्यवहार्यता तलाशने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि 5 वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रम सही चल रहा है और इसमें छेड़छाड़ करने की कोई जरूरत नहीं है।



वकील एवं याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास सिंह की दलीलें सुनने के बाद सीजेआई ने कहा, याचिका वापस लेने की अनुमति दी जाती है। सीजेआई ने दलीलों से असहमति जताई और कहा कि इस बार 70 प्रतिशत महिलाएं जिला न्यायपालिका में आईं और अब अधिक लड़कियां कानून के क्षेत्र में आ रही हैं।

ऋषिकेश में एम्स के चौथे दीक्षांत समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

# आरोग्य भूमि के रूप में होगा देवभूमि उत्तराखंड का 'नाम'

## 598 मेडिकल विद्यार्थियों को दी उपाधि, गोल्ड-सिल्वर-कांस्य पदक से नवाजा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

उत्तराखंड के ऋषिकेश में एम्स ऋषिकेश के चौथे दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आयुर्वेद सहित भारतीय परंपरा की उपचार पद्धतियों के लिए उत्तराखंड में अनेक स्वास्थ्य केंद्र सेवारत हैं। एम्स में एलोपैथी के साथ आयुष चिकित्सा पद्धति से भी मरीजों का उपचार किया जा रहा है। ऐसे में व्यापक स्तर पर उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं से देवभूमि उत्तराखंड की ख्याति 'आरोग्य भूमि' के रूप में भी स्थापित होगी। चतुर्थ दीक्षांत समारोह में 598 मेडिकल विद्यार्थियों को दी उपाधि, गोल्ड-सिल्वर-कांस्य पदक से नवाजा।




### विकसित भारत के निर्माण में दें योगदान

भारत में डायबिटीज से प्रभावित लोगों की संख्या 10 करोड़ से अधिक है, जो विश्व में सर्वाधिक है। डायबिटीज के इलाज के रूप में सेमाग्लूटाइड आजकल चर्चा में है। ग्लोबल मेडिसिन युग में भी चिकित्सा से जुड़ी राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय समस्याओं के बारे में अनुसंधान करना और उनका समाधान करना एम्स ऋषिकेश जैसे संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने एम्स ऋषिकेश को पब्लिक हेल्थ और कम्युनिटी इंगेजमेंट पर अधिक से अधिक ध्यान देने का सुझाव दिया।

### भारत में पहली बार कार टी-सेल थेरेपी

आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग करना एम्स ऋषिकेश जैसे संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए। एम्स ऋषिकेश कार टी-सेल थेरेपी और स्टेम सेल रिसर्च के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत है। भारत में पहली बार इस तरह की थेरेपी विकसित की गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह थेरेपी अन्य देशों की तुलना में बहुत कम खर्च पर उपलब्ध कराई जा रही है।

### अच्छा और कम खर्च में इलाज होना एम्स की बड़ी पहचान

राष्ट्रपति ने कम समय में ही प्रचुर प्रतिष्ठा अर्जित करने के लिए अतीत और वर्तमान में एम्स ऋषिकेश से जुड़े सभी लोगों की सराहना की। उन्होंने कहा कि लगभग एक दशक की अपनी विकास यात्रा से एम्स ऋषिकेश ने अच्छी पहचान बना ली है। उन्होंने कहा कि एम्स का मतलब होता है सबसे अच्छे डॉक्टरों द्वारा इलाज होना। सबसे अच्छा और कम खर्च में इलाज होना एम्स की पहचान है। एम्स के इलाज का फायदा अधिक से अधिक लोगों को मिल सके और अधिक से अधिक मेधावी विद्यार्थी एम्स में शिक्षा प्राप्त कर सकें।




# परम पूज्य धर्मभूषण संत श्री राजेंद्रदास बापू द्वारा जून 2024 में होगा उदघाटन

श्री पार्थ गोस्वामी, जिन्होंने वाणिज्य और कानून में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की है, जिनके पास शिक्षा क्षेत्र में 8 वर्षों से अधिक का अनुभव है, अपना स्वयं का 'चाणक्य संस्थान' शुरू कर रहे हैं, यह संस्थान सभी तकनीकी और शैक्षणिक पाठ्यक्रमों को पूरा करेगा। छात्रों का बेहतर उत्थान और सर्वांगीण विकास। संस्थान में तीन और लोग एक साथ हैं - श्री शक्तिसिंह जाडेजा, श्री जयेश गोस्वामी और श्रीमती मीना गोस्वामी। इन चारों का दृष्टिकोण शिक्षा के साथ प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना और गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण प्रदान करना स्पष्ट है।

# स्मैक के नशे के लिए बना चोर, पुलिस ने की जांच तो निकला मॉल, जिम व कई बीघे जमीन का मालिक

**मुंबई हलचल / संवाददात**

**हल्द्वानी।** एसटीएच में डाक्टर के केबिन में घुसकर पल्स आक्सीमीटर समेत कई सामान चोरी करने वाला चोर करोड़पति निकला। स्मैक का नशा करने के लिए उसने वारदात को अंजाम दिया। चोरी का शक न हो, इसलिए जिस कमरे से चोरी की, वहां से डाक्टरों का कोट (एप्रिन) पहनकर बाहर निकला और फरार हो गया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से चोरी हुआ पूरा सामान भी बरामद कर लिया है। पुलिस बहुउद्देशीय भवन में एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि सोमवार को एसटीएच में ड्यूटी कर रहे डा. राहुल बिष्ट व अन्य का बैग चोरी हो गया था। अस्पताल के फुटेज खंगाले गए, जिसमें एक संदिग्ध डाक्टर का कोट पहनकर बैग टांगकर जाता हुआ दिखा था। 22 अप्रैल को डाक्टर ने तहरीर दी थी। प्राथमिकी कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी थी। उन्होंने बताया कि बुधवार को रामपुर रोड



एफटीआइ मोड़ के पास आरोपित मानपुर पश्चिम देवलचौड़ हल्द्वानी निवासी अरुण पाठक को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर चोरी हुआ सामान बरामद हो गया है। पुलिस ने आरोपित की कुंडली खंगाली तो दंग रह गई। वह करोड़पति निकला। टीपीनगर चौकी क्षेत्र में आरोपित का जिम और नया मॉल खुला है। उसके नाम कई बीघा जमीन भी बताई जा रही है। सीओ सिटी नितिन लोहनी के अनुसार, आरोपित स्मैक का आदी है। उसने स्मैक का नशा खरीदने के लिए चोरी की थी। प्रेसवार्ता में कोतवाल उमेश कुमार मलिक व मंडी चौकी इंचार्ज विजय मेहता भी मौजूद रहे। आरोपित को पकड़ने वाली टीम में मेडिकल चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार तेवतिया, अनिल जोहरी व मो. फईम शामिल रहे।

### पहली बार में रेकी, दूसरी बार में की चोरी

आरोपित अरुण पाठक ने घटना को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया। वह उस समय डाक्टरों के केबिन में घुसा, जब सभी अपने-अपने कामों में व्यस्त थे। पहली बार में वह अस्पताल के अंदर पार्किंग तक बाइक से पहुंचा। केबिन में घुसकर मौके की नजाकत को भांप गया। इसके बाद बाइक लेकर अस्पताल के गेट से बाहर निकला और सड़क के किनारे बाइक खड़ी कर दोबारा पैदल अंदर आया। केबिन में घुसकर उसने सबसे पहले कुर्सी पर टंगा डाक्टर का कोट पहना। इसके बाद दो-तीन डाक्टरों के बैग को उठाकर निकल गया।

### सिपाही इसरार बने हीरो

चोर को पकड़ने में हेड कांस्टेबल इसरार अहमद हीरो रहे। सीसीटीवी के काम में माहिर इसरार को चोर की लोकेशन तलाशने का टास्क मिला था, जिसमें वह दूसरे दिन ही सफल हो गए। 50 से अधिक कैमरे खंगालने पर चोर पकड़ा गया। आरोपित के घर का अंतिम कैमरा खंगाला गया, जिसमें अरुण दिखा।

### गांधी स्कूल के पास उतारा एप्रिन

अरुण अस्पताल से निकलने के बाद बाइक लेकर गांधी स्कूल के पास सुनसान जगह पर जाकर रुका था। यहां पर उसने डाक्टर का पहना हुआ एप्रिन उतारा। इसके बाद होंडा शोरूम के सामने से होकर भाग निकला।

### ये सामान हुआ था चोरी

एक टैबलेट, दो एंड्रायड स्मार्टफोन, पावर बैंक, आइफोन की लीड, आइफोन की सी पिन लीड, बी टाइप चार्जर, सी टाइप लीड, स्मार्टवाच, पल्स आक्सीमीटर, एयर बड।

---

उच्चतम न्यायालय के फैसले में किसी तरह का बदलाव नहीं

# 2जी फैसला बदलने की कोशिश नहीं, केवल रक्षा उपग्रह क्षेत्र के लिए नीलामी के बगैर आवंटन

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सरकार दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए नीलामी को अहमियत देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले में किसी भी तरह के बदलाव की कोशिश नहीं कर रही है। एक शीर्ष सूत्र ने बुधवार को यह बात कही।

**सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2012 के फैसले में नीलामी को माध्यम बनाने का दिया था निर्देश**

उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2012 के अपने फैसले में दूरसंचार स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए नीलामी को ही माध्यम बनाने का निर्देश दिया था। हालांकि उपग्रह संचार और रक्षा जैसे विशिष्ट क्षेत्रों को इसके दायरे में नहीं रखा गया था। सूत्र ने कहा कि सरकार ने पिछले साल 15 दिसंबर को शीर्ष अदालत में एक अर्जी दायर कर कुछ विशिष्ट क्षेत्रों को स्पेक्ट्रम आवंटन के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की गुहार लगाई थी।

**उपग्रह संचार और रक्षा जैसे विशिष्ट क्षेत्रों को दायरे में नहीं रखा गया**

### नीलामी के बगैर आवंटन का आग्रह

इसमें विशिष्ट उद्देश्यों वाले क्षेत्र जैसे उपग्रह संचार, रक्षा बलों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, मेट्रो या रेलवे संचालन के लिए नीलामी के बगैर स्पेक्ट्रम आवंटित करने को लेकर स्पष्टीकरण देने का आग्रह किया गया था। याचिका दिसंबर के अंत में संसद में दूरसंचार विधेयक को पारित करने से पहले दायर की गई थी।



### नए विधेयक में 19 छूटें दी गई

यह याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए रखी गई। नये विधेयक में 19 छूटें दी गयी हैं। सूत्र ने अदालत के समक्ष याचिका आने के बाद उपजे विवाद को 'बेमतलब' बताते हुए कहा कि सरकार से 2जी फैसले को बदलने जैस सवाल किए जा रहे हैं।

### आवाज व डेटा सिग्नल प्रसारण में होता है

इसका उपयोग मोबाइल फोन के लिए आवाज और 'डेटा सिग्नल' प्रसारित करने के लिए किया जाता है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने जुलाई 2008 के अपने फैसले में कहा था कि इस तरह के आवंटन के लिए इस्तेमाल की गई सितंबर 2007 की 'कट-ऑफ' तारीख अवैध थी।

**स्पेक्ट्रम नीलामी सबसे अच्छा**

आवेदन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि हम न्यायालय के फैसले से सहमत हैं। इस बात से सहमत हैं कि स्पेक्ट्रम नीलामी सबसे अच्छा विकल्प है। लेकिन समुद्री, रक्षा और मेट्रो सुरक्षा आदि जैसे कुछ क्षेत्र हैं, जिनके बारे में चीजें स्पष्ट नहीं हैं।

### मस्क, एयरटेल व अमेजन को मिल सकती है राहत

इसमें साफ किया गया था कि सरकार क्या करना चाहती है। प्रशासनिक आवंटन मार्ग से एलन मस्क की स्टारलिंक, भारती एयरटेल के वनवेब और अमेजन की प्रोजेक्ट कुइपर जैसे अंतरिक्ष दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को काफी राहत मिल सकती है क्योंकि उन्हें नीलामी प्रक्रिया से गुजरे बिना स्पेक्ट्रम मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा।

### नीलामी इस साल जून में

दूरसंचार के लिए स्पेक्ट्रम की अगली नीलामी इस साल जून में होने वाली है।सूत्र ने कहा कि इस मुद्दे पर सभी संबद्ध पक्षों से परामर्श किया गया लेकिन न्यायालय से परामर्श करने का कोई तरीका नहीं है। लिहाजा न्यायालय को सूचित करने तथा उसकी राय जानने को आवेदन दायर किया गया था।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# लंबी और सेहतमंद जिंदगी जीनी है तो अपनाएं ये 10 आदतें

स्वस्थ और लंबा जीवन जीने के लिए लोग कई तरह के तरीके अपनाते हैं। मगर फिर भी वह किसी ना किसी बीमारी से ग्रस्त रहते हैं। इसके पीछे की वजह उनका गलत लाइफ स्टाइल होता है। अपने जिंदगी जीने के तरीके में थोड़ा सा बदलाव करके आप एक लंबी जिंदगी जी सकते हैं। आइए जानते हैं वह कौन सी बाते हैं, जो आपको हमेशा स्वस्थ रखेंगी।

**1. चाय पीएं स्वस्थ रहें**

चाय के बगैर कुछ लोगों के दिन की शुरूआत नहीं होती। सेहत के लिहाज से भी चाय पीना स्वस्थ के लिए अच्छा होता है। रोजाना चाय पीने से दिल से संबंधित समस्या, कैंसर से बचाव होता है। इसके साथ ही इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडैंट्स व्यक्ति को जल्दी बूढ़ा नहीं होने देता। मगर ध्यान रहे कि खाली पेट चाय का सेवन ना करें। खाली पेट चाय पीने से पेट से संबंधित समस्याएं हो सकती हैं।

**2. यौन संबंधों का महत्व**

एक अध्यन के अनुसार महीने में कम से कम एक बार यौन संबंध बाने वाले लोगों को मौत का खतरा सप्ताह में दो बार ऐसा करने वाले लोगों की तुलना में दोगुना होता है।

**3. टीवी से रहें दूर**

बच्चे हो या बूढ़े हर कोई टीवी देखना पसंद करता है। तकरीबन दिन में 4 से 5 घंटे टीवी तो हर कोई देखता है। मगर क्या आप जानते हैं कि 25 साल की उम्र के बाद 1 घंटा टीवी देखना आपके जीवन से करीब 20 मिनट घटा सकता है। स्वस्थ रहना चाहते हैं तो टीवी से दूरी बनाकर आउटडोर गेम्स के साथ दोस्ती करें।

**4. शाकाहारी भोजन खाओ**

शाकाहारी भोजन खाने वाले लोगों की उपेक्षा मासाहारी लोगों को कैंसर, दिल



से संबंधित समस्याएं होने का खतरा ज्यादा रहता है। लंबी जिंदगी जीने के लिए मेवा, हरी सब्जियां, दूध का सेवन करें। मांस मछली से दूर रहें।

**5. रेड वाइन पीएं**

जरूरत से ज्यादा शराब पीना सेहत के लिए हानिकारक है। पर अगर इसको दवाइ की तरह लिया जाए तो रेड वाइन सेहत के लिए फायदेमंद है। रोजाना रेड वाइन पीने से पाचन शक्ति मजबूत, कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल, कैंसर की रोकथाम, दिल रखें स्वस्थ, डायबिटीज से राहत, याद्दाशत करें तेज, वजन घटाएं, अच्छी नींद और दांत मजबूत होते हैं।

**6. फल-सब्जियां**

फल-सब्जियों को अपनी डाइट में शामिल करें। इनको खाने से शरीर में किसी भी विटामिन्स की कमी नहीं। रोजाना नियमित रूप से फल-सब्जियां खाने वालों के बीमार पड़ने का जोखिम बेहद कम होता है।

**7. रोजाना 15 मिनट एक्सरसाइज**

अगर आप रोजाना 15 मिनट के लिए व्यायाम करते है तो आप अपनी लाइफ को 5 साल आगे बढ़ाने का काम करते हैं। इसलिए हर इंसान को रोजाना 15 मिनट व्यायाम जरूर करना चाहिए।

**8. मेवों का सेवन**

रोजाना काजू,बदाम, किशमिश खाने से हमें कैंसर, दिल और सांस लेने संबंधित समस्याएं नहीं होती। अखरोट तथा बादाम खाने से सबसे ज्यादा फायदा होता है।

**9. पेट भरकर ना खाएं**

जापान के लोग 100 साल तक जीवित रहते हैं। वह इतनी लंबी जिंदगी इसलिए जी पाते हैं क्योंकि वह पेटभर कर खाना नहीं खाते। आधा पेट खाना खाने से इंसान मोटा नहीं होता। मोटापा ना होने के कारण शरीर को कोई बीमारी नहीं लगती।

**10. समय से सोना**

लंबी जिंदगी के लिए समय पर सोना और उठना शुरू करें। नींद की कमी के कारण हम तनाव में रहने लगते हैं। तनाव में रहने से दिल से संबंधित, ब्रेन हैमरेज होने का खतरा बना रहता है। एक अध्ययन के अनुसार एक घंटा पहले बिस्तर पर सोने से ब्लड सकुर्लेशन में गिरावट आने लगती हैं। इससे दिल का दौरा पड़ने का खतरा बना रहता है।

## इन कारणों से महिलाओं को होता है 'रूमेटाइड अर्थराइटिस', ऐसे करें बचाव



हड्डियों के जोड़ों से संबंधित समस्या को रूमेटाइड अर्थराइटिस कहते हैं। यह एक तरह का गठिया रोग ही है, लेकिन इस बीमारी के लक्षण का पता लगाना थोड़ा मुश्किल होता है। हालांकि इस समस्या में सूजन, जोड़ों में तेज दर्द होने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में यह बीमारी ज्यादा देखने को मिल रही है। वैसे तो यह समस्या बढ़ती उम्र के साथ-साथ होती है, लेकिन अनियमित दिनचर्या और गलत खान-पान के कारण कम उम्र की महिलाओं में रूमेटाइड अर्थराइटिस की समस्या देखने को मिल रही है। आइए जानते हैं आखिर क्यों महिलाओं में इसका खतरा बढ़ता जा रहा है।

**क्या है रूमेटाइड अर्थराइटिस?**

दरअसल, इम्यून सिस्टम प्रोटीन, बायोकेमिकल्स और कोशिकाओं से मिलकर बनता है, जोकि शरीर को बीमारियों से बचाते हैं। कभी-कभी इम्यून सिस्टम में गड़बड़ी होने के कारण शरीर में मौजूद प्रोटीन खत्म होने लगता है, जिस के कारण रूमेटाइड अर्थराइटिस की समस्या पैदा हो जाती है। वैसे तो यह समस्या ज्यादातर जोड़ों में होती है लेकिन सावधानी और सही इलाज न करने के कारण यह फेफड़ों को भी अपनी चपेट में ले लेता है।

**रूमेटाइड अर्थराइटिस के कारण**

1. महिलाओं को यह समस्या किसी भी उम्र में हो सकती है, लेकिन बढ़ती उम्र के साथ-साथ इसके होने की संभावना भी बढ़ती जाती है। रूमेटाइड आर्थराइटिस होने की सबसे ज्यादा संभावना 40 साल के बाद होती है।

2. जिन महिलाओं नें कभी बच्चे को जन्म नहीं दिया उनमें रूमेटाइड होने का खतरा सबसे ज्यादा होता है।

3. धूम्रपान करने वाली महिलाओं के बच्चों में भी रूमेटाइड आर्थराइटिस का खतरा बढ़ जाता है।

4. बढ़ता मोटापा आजकल महिला की समस्या लेकिन आपको बता दें कि इसके कारण भी यह समस्या हो सकती है। हालांकि इस बीमारी में आपका वजन कम होने लगता है।

5. यह बीमारी एक जेनेटिक प्रॉब्लम भी है। ऐसे में अगर आपके परिवार के किसी सदस्य को रूमेटाइड अर्थराइटिस है तो उनसे यह बीमारी आपको भी हो सकती है।

**महिलाओं को क्यों है अधिक खतरा?**

पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को रूमेटाइड अर्थराइटिस होने की संभावना तीन गुणा ज्यादा होती है। महिलाओं में यह बीमारी प्रसव के बाद या मेनोपॉज के बाद हार्मोन्स में बदलाव होने के कारण देखी जाती है। फाइब्रोमायल्जिया से महिलाओं में भी इसका खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा गलत लाइफस्टाइल और खानपान के कारण भी महिलाएं इसकी चपेट में आ जाती हैं।

**रूमेटाइड अर्थराइटिस के लक्षण**

तेज बुखार
मांसपेशियों में दर्द
थकान मसूस होना
शरीर के कमजोरी
भूख कम लगना
हाथों-पैरों में अकड़न
जोड़ों में दर्द और सूजन
आंखों में ड्राइनेस
सीने में दर्द होना
एनर्जी में कमी महसूस
अधिक पसीना आना
अचानक वजन कम होना

**रूमेटाइड अर्थराइटिस का घरेलू इलाज**

बेकिंग सोडा के प्रयोग से न सिर्फ रूमेटाइड अर्थराइटिस का खतरा कम किया जा सकता है बल्कि इससे रूमेटाइड अर्थराइटिस को धीरे-धीरे ठीक भी किया जा सकता है। अगर आप बेकिंग सोडा का नियमित सेवन करेंगे तो आपको इसका असर 2 हफ्ते में ही दिखना शुरू हो जाएगा।

## मानसून में बालों की चिपचिपाहट से हैं परेशान तो करें ये काम

मानसून सीजन शुरू होते ही कुछ लोगों के बाल बहुत ऑयली होने लगते हैं, जिससे वह चिपचिपे हो जाते हैं। बालों में ज्यादा पसीना आने के कारण वह चिपचिपे हो जाते हैं। चिपचिपे बाल न सिर्फ देखने में बुरे लगते हैं, बल्कि सिर में रूसी, स्कैलप इंफैक्शन, बदबू और बाल झड़ने की समस्या पैदा हो जाती है। इतना ही नहीं, चिपचिपे बालों से चेहरे पर मुंहासे भी हो जाते हैं। मगर आज हम आपको कुछ ऐसे तरीकें बताएंगे, जिससे आपके चिपचिपे बालों की समस्या दूर हो जाएगी। अगर आप भी मानसून में बालों की चिपचिपाहट से परेशान तो यह तरीकें जरूर ट्राई करें।

**1. बालों को शैम्पू से धोना**

बारिश के दिनों में बालों को हफ्ते में कम से कम 3 बार शैंपू करें। इससे बालों में गंदगी जमा नहीं हो पाएगी अति और स्कैलप पर जमा तेल भी साफ होगा। मगर इस बात का ध्यान रखें कि शैंपू ऑयल बेस्ड न हो।

**2. कंडीशनर करना**

इस मौसम में बालों को शैम्पू करने के बाद कंडीशनर लगाना न भूलें। क्योंकि कंडीशनर लगाने से बाल उलेझेंगे नहीं और इसके साथ ही बाल सिल्की भी बने रहेंगे।

**3. हेयर ड्रायर से दूरी**

अगर आप बालों को स्ट्रेट करने के लिए स्ट्रेटनर या गीले बालों को सुखाने के लिए ड्रायर का इस्तेमाल करती हैं तो उसे बंद कर दें। क्योंकि ड्रायर यूज करने से सिर गर्म हो जाता है। इससे पसीना अधिक



आता है और बाल चिपचिपे होने लगते हैं।

**4. बालों को कसकर न बांधें**

ज्यादातर महिलाओं बालों को सूखाने से पहले ही इसे बांध लेते हैं लेकिन यह पूरी तरह गलत है। ऐसा करने से हल्के गीले बालों में पसीना आ जाता है और वो चिपचिपे हो जाते हैं। इतना ही नहीं, इससे बालों में बदबू भी आने लगती हैं। इसलिए बालों को अच्छी तरह सूखाकर ही बांधें।

**5. तेल लगाकर न रखें**

इस मौसम में ज्यादा देर तेल लगाकर रखना भी आपके बालों को चिपचिपा कर देता है। जब गर्मियों में आप दिनभर तेल लगाए रखते हैं तो वो आपके पसीने के साथ मिलकर बालों में और अधिक चिपचिपापन पैदा कर देता है। इसलिए कोशिश करें कि गर्मियों में रात में तेल लगाकर सुबह बाल धो लें।

**6. बेबी पाउडर का इस्तेमाल**

अगर आपके बाल बहुत ज्यादा चिपचिपे हो गए हैं तो आप बेबी पाउडर का इस्तेमाल कर सकती हैं। बेबी पाउडर को लेकर इसे स्कैलप लगाएं कुछ देर बालों को पानी से धो लें।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# खत्म हुई सलमान खान और संजय लीला भंसाली की दुश्मनी!



**संजय लीला भंसाली** वेब सीरीज की दुनिया में कदम रखने वाले हैं। उनका पहला ओटीटी शो हीरामंडी चर्चा में बना हुआ है। रिलीज से पहले बुधवार को सीरीज का प्रीमियर रखा गया। जहां बॉलीवुड के कई सितारे शाम की रौनक बढ़ाने पहुंचे। इनमें सबसे ज्यादा ध्यान सलमान खान ने खींचा। हीरामंडी के प्रीमियर पर संजय लीला भंसाली और सलमान खान को एक साथ देखकर फैंस हैरान रह गए, क्योंकि दोनों के बीच लंबे वक्त से अनबन की खबरें चल रही थीं। हीरामंडी का प्रीमियर बुधवार को मुंबई में रखा गया। जहां रेखा से लेकर आलिया भट्ट तक, बॉलीवुड के कई सितारे पहुंचे। इस दौरान सलमान खान ने भी स्वैग से एंट्री की। फायरिंग की घटना के बाद भाईजान कड़ी सुरक्षा के साथ इवेंट में पहुंचे। अपने काफिले के साथ सलमान खान ने जैसे ही एंट्री की सभी के दिमाग में यही सवाल उठा कि क्या संजय लीला भंसाली के साथ उनका पैच-अप हो गया है ?

## टीनएज में हुई छेड़छाड़ को कभी नहीं भूल पाईं भूमि



**एक** इंटरव्यू में भूमि पेडनेकर ने बताया कि जब वे 14 साल की थीं, तब हैरेसमेंट का शिकार हुई थीं। उन्होंने कहा- मुझे बहुत अच्छे से याद है, ये उन दिनों की बात है जब बांद्रा में फेयर लगते थे। मैं शायद 14 साल की थी और अपने परिवार के साथ फेयर घूमने आई थी। मुझे पता था कि मेरे साथ जो हो रहा था, वो गलत था। ऐसा नहीं है कि मैं अनजान थी। मैं चल रही थी और कोई मेरे पीछे चुटकी काट रहा था। हालांकि, मैंने पीछे मुड़कर देखा, लेकिन मुझे समझ नहीं आया कि यह किसने किया क्योंकि वहां बहुत भीड़ थी। कोई मुझे बार-बार गलत तरीके से छूने की कोशिश कर रहा था। इस वजह से मैं बहुत परेशान हो रही थी। सोचिए मैं वहां अपने परिवार के साथ थी। बिल्डिंग के बच्चों का ग्रुप भी उस फेयर में मौजूद था। फिर भी ये सब हुआ। मुझे अभी भी वो पूरा इंसिडेंट अच्छी तरह से याद है। उसका चुटकी काटना और मुझे पिंच करना मैं कभी नहीं भूल सकती हूं। ऐसा लगता है जैसे आपका शरीर ये सब कभी नहीं भुला सकता।



## वेकेशन का मजा ले रही हैं जैकलीन फर्नांडिस



**जैकलीन फर्नांडिस** अक्सर फैंस के साथ अपने वेकेशन की तस्वीरें शेयर करती हैं।आज भी एक बार फिर ऐसा ही हुआ। एक्ट्रेस ने बॉडीकॉन ड्रेस में धमाकेदार तस्वीरें शेयर की हैं। खूबसूरती का नजारा लेते हुए एक्ट्रेस बहुत खुश नजर आ रही हैं। तस्वीरों में एक्ट्रेस बकरी को बोतल से दूध पिलाती दिख रही हैं। इस दौरान का उन्होंने एक छोटा सा वीडियो भी डंप में शेयर किया। अपने हाथों से बकरी को फिड करते वक्त एक्ट्रेस बहुत खुश नजर आ रही हैं। पोज देते वक्त एक्ट्रेस का अंदाज देख कहना गलत नहीं होगा कि वो वेकेशन पर जमकर मस्ती कर रही हैं। इस दौरान उनका लुक सिंपल और ब्यूटीफुल नजर आ रहा है। जैकलीन को जल्द ही 'वेलकम टू द जंगल' में देखा जाएगा। फैंस उनके किरदार और फिल्म की कहानी को देखने के लिए बहुत खुश हैं। इसके अलावा भी इस साल जैकलीन कई सारे धमाकेदार प्रोजेक्ट में भूमिका निभाती दिखेंगी। एक्ट्रेस की लेटेस्ट तस्वीरें कुछ ही मिनटों के अंदर इंटरनेट पर छा गई है। उनको इंस्टाग्राम पर 70 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। यही कारण है कि जैकलीन का हर एक पोस्ट मिनटों में वायरल हो जाता है।